# प्रसार भारती
## आकाशवाणी केन्द्र शिमला
### 31.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

**मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से भीषण गर्मी में सावधानी बरतने और अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखने का किया आग्रह।
- धर्मशाला, सोलन और मंडी नगर निगम पर भाजपा का कब्जा– पालमपुर में कांग्रेस ने मारी बाजी।
- मुख्यमंत्री का दावा– पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को मिला भारी जनसमर्थन, वहीं जयराम ठाकुर ने कहा– जनता ने भाजपा की नीतियों पर जताया भरोसा।
- जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की भी आज हुई गणना– देर रात तक सभी परिणाम आने की उम्मीद।
  और
- मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जनगणना कार्य में भाग लेने का किया आग्रह–कल से स्वगणना पोर्टल पर जानकारी दर्ज करवा सकेंगे लोग।

...............

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय करके ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में गर्मी के मौसम में अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि गर्मी से राहत के लिए आम पन्ना, छाछ, लस्सी, सत्तू, शरबत, बेल पन्ना, और सोल कढ़ी का सेवन करना उपयोगी है।

नरेन्द्र मोदी ने नीदरलैंड्स की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि नीदरलैंड्स सरकार ने चोलकालीन ताम्र–पट्टिकाएं भारत को लौटाई हैं। इससे दुनिया भर के तमिल समुदाय में विशेष उत्साह है। ––बाईट–पीएम ऑन नीदरलैंड––32''

प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत के आम ने वैश्विक बाजार तक अपनी पहचान बनाई है और आम देश की कृषि अर्थव्यवस्था के लिये बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने काशी के लंगड़ा, महाराष्ट्र के अल्फाजो और गुजरात के केसर सहित आम की अन्य प्रमुख किस्मों की चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खगोल विज्ञान ने देश की हर पीढ़ी में जिज्ञासा जगाई है। उन्होंने युवाओं से खगोल विज्ञान क्लब में शामिल होने और छुट्टियों के दौरान तारामंडल देखने की अपील भी की।
रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

## नगर निगम

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के तीन नगर निगमों में शानदार जीत हासिल कर ली है। राज्य में 17 मई को 4 नगर निगमों में वोट डाले गए थे, जिनकी आज मतगणना की गई। धर्मशाला, सोलन और मंडी नगर निगम पर भाजपा ने कब्जा किया है जबकि पालमपुर नगर निगम के चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने बाजी मारी है। धर्मशाला नगर निगम में कुल 17 वार्डों में से भाजपा ने 11, कांग्रेस ने 5 और निर्दलीय प्रत्याशी ने एक वार्ड पर जीत हासिल की है। इसी प्रकार सोलन नगर निगम में भाजपा को 10 सीटे मिली हैं जबकि कांग्रेस पार्टी को 6 वार्डों में ही जीत हासिल हुई है। एक वार्ड पर निर्दलीय प्रत्याशी ने चुनाव जीता है। मंडी नगर निगम में 15 वार्डों में से इस बार 14 वार्डों में ही मतदान हुआ, इनमें से 12 पर भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ एक सीट गई है। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी को एक वार्ड में जीत मिली है। मंडी के बहना वार्ड में लोगों ने स्थानीय विकास के मुद्दों को लेकर चुनाव का बहिष्कार किया और यहां मतदान नहीं हो सका। उधर पालमपुर नगर निगम पर कांग्रेस पार्टी ने कब्जा किया है। शहर के कुल 15 वार्डों में से 11 पर कांग्रेस और 4 वार्डों में भाजपा को जीत मिली है।

## सुक्खू–जयराम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि प्रदेश में पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को भारी जनसमर्थन मिला है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि प्रदेश में लगभग 2 हज़ार 4 सौ कांग्रेस समर्थित पंचायत प्रधान व 2 हज़ार 3 सौ उपप्रधान विजयी हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नगर निगम चुनावों के आधार पर पूरे प्रदेश का माहौल अपने पक्ष में होने के दावे कर रही है जो गलत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम के चुनावों में लोग स्थानीय विधायक को देखकर वोट देते हैं।

उधर मंडी नगर निगम में भाजपा की प्रचंड जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज मंडी में एक विजय रैली निकाली। रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया कि ये जनादेश प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ है और जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि तीन नगर निगमों के चुनावी नतीजे प्रदेश की बदलती राजनीतिक दिशा का संकेत है।

## मतगणना–पंचायतीराज

प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को हुए ज़िला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना भी आज की गई। इनमें ज़िला परिषद की कुल दो सौ 51 और पंचायत समिति सदस्यों की एक हजार 6 सौ 69 सीटें शामिल हैं। हालांकि ज़िला परिषद और बीडीसी के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं करवाए गए लेकिन भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियां अपने–अपने समर्थित उम्मीदवारों की जीत के दावे कर रही हैं। तीन चरणों में हुए पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में लगभग 81 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले और मतदान को लेकर सभी आयु वर्ग के लोगों में खासा उत्साह देखा गया।

## सुरेश कश्यप–प्रतिक्रिया

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने सोलन सहित प्रदेश के तीन नगर निगम चुनावों में पार्टी की जीत पर खुशी जताई है। उन्होंने आज सोलन में कहा कि इस जीत से ये स्पष्ट हो गया है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आएगी। सुरेश कश्यप ने कहा कि इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की नीतियों को जाता है।

## जनगणना

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सभी लोगों से जनगणना कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जनगणना दो चरणों में की जाएगी और पहला चरण 16 जून से 15 जुलाई के बीच चलेगा। इस दौरान मकान सूचीकरण, मकान गणना और जनसंख्या की गणना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि कल पहली जून से 15 जून तक लोग स्वगणना पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने लोगों से स्वगणना विकल्प का अधिक से अधिक उपयोग करने का आहवान किया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जनगणना का दूसरा चरण अगले

वर्ष 9 फरवरी से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा, जबकि प्रदेश के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में जनगणना का कार्य का दूसरा चरण 11 सितम्बर से 30 सितम्बर तक होगा।

---